राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार ब्रांच को ‘कोरोना–संक्रमण’ से बचाव के लिए ‘जागरूकता अभियान’ को तेज करने तथा आम लोगों में मास्क–वितरण का निदेश दिया

पटना, 18 जून 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार ब्रांच के अध्यक्ष डॉ॰ बी॰बी॰ सिन्हा को ‘कोरोना–संक्रमण’ (COVID-19) से बचाव के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से ‘जन–जागरूकता अभियान’ को तेज करने तथा आम लोगों में मास्क वितरित करने का निदेश दिया है।

राज्यपाल ने रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार ब्रांच के अध्यक्ष डॉ॰ सिन्हा को कहा है कि रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार ब्रांच राजधानी पटना में एवं रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला इकाइयाँ जिलों में ‘कोविड–19’ से बचाव के लिए ‘जन–जागरूकता अभियान’ को और अधिक तत्परता तथा व्यापकतापूर्वक सुनिश्चित करें। राज्यपाल ने कहा है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की तंग–बस्तियों एवं सार्वजनिक स्थलों, यथा–हॉस्पीटल, बस–पड़ाव, रेल स्टेशन आदि के समीप मास्क–वितरण के काम को भी तत्परतापूर्वक किया जाय। राज्यपाल ने कहा है कि रेडक्रॉस के वोलेन्टियर्स सार्वजनिक स्थलों, हाट–बाजार आदि में ‘फिजिकल डिस्टेन्सिंग’ के प्रोटोकॉल के प्रति सजग रहने के लिए लोगों को ताकीद करें। राज्यपाल ने कहा है कि सेनेटाईजर का प्रयोग करने तथा साबुन से हाथ धोने के प्रति भी आमजन को जागरूक बनाया जाना जरूरी है। राज्यपाल ने कहा है कि ‘लॉक डाऊन’ जब क्रमशः धीरे–धीरे हटाया जा रहा है, ऐसे दौर में और अधिक सजगता बरतना जरूरी है।

राज्यपाल ने कहा कि जबतक ‘कोरोना–संक्रमण’ से बचाव के लिए वैज्ञानिक और शोधकर्त्ता समुचित वैक्सिन की खोज नहीं कर लेते, तब तक अपना बचाव करने के लिए स्वयं भी तत्पर रहना हम सबकी व्यक्तिगत एवं सामाजिक जिम्मेवारी है। राज्यपाल ने कहा है कि ‘कोरोना–संक्रमण’ की वजह मनुष्य को अपनी जीवन–शैली में कई बदलाव करने पड़े हैं। हम सबको इन परिवर्तनों के अनुरूप स्वस्थ रहने के लिए सुरक्षित नयी जीवन–शैली विकसित करनी है। कोरोना महामारी के मौजूदा दौर में आत्मसुरक्षा, आत्मसंयम और आत्मानुशासन ही हमारे जीवन–मंत्र बन गये हैं।

राज्यपाल ने सभी बिहारवासियों से अपील की है कि वे घर से बाहर निकलते समय अनिवार्य रूप से मास्क का प्रयोग करें, सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्धारित प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करें तथा घर–बाहर, कार्यालय, हाट–बाजार आदि सभी जगहों पर स्वच्छता बरतने का भरपूर ख्याल रखें।

………………………………………